एक नजर में

उत्साह के साथ मनेगी भगवान झूलेलाल की जयंती

गुना। सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस और चेट्री चंड (सिंधी नव वर्ष) के पावन अवसर पर 20 मार्च को शहर में विभिन्न धार्मिक और सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष आनंद कृष्णानी ने कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के सभी वर्गों से इस उत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है। उत्सव की शुरूआत शुक्रवार सुबह 10:00 बजे जयस्तंभ चौक से होगी। यहाँ सिंधी समाज द्वारा सभी धर्मप्रेमी बंधुओं और राहगीरों को पारंपरिक 'ताहिरी' (मीठे पीले चावल) का प्रसाद वितरित किया जाएगा। समाज द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी बड़े स्तर पर सेवा कार्य के संकल्प के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। शाम के सत्र में आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी। शाम 4 से 5 बजे तक श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में 'सुखमनी साहिब' का पाठ किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 5 बजे 'बहिराना साहिब' प्रज्वलित किया जाएगा, जिसमें समाजजन पारंपरिक गीतों और कीर्तन के माध्यम से भगवान झूलेलाल की महिमा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक अरदास की जाएगी। जयंती के उपलक्ष्य में रात्रि 8:00 बजे से 9:30 बजे तक भव्य लंगर सेवा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी समाज के परिवारों के साथ-साथ पंजाबी समाज और अन्य धर्मप्रेमी बंधु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे। समाज के पदाधिकारियों ने समस्त नगरवासियों से इन कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

गुना विधायक पन्नालाल ने फिर दिखाए अपने तेवर

कलेक्टर की तरफ देखकर बोले- आप जैसे नकारा अफसर आते जाएंगे और चले जाएंगे

नवभारत न्यूज

गुना 19 मार्च का। मानस भवन में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'नव संवत्सर' कार्यक्रम के दौरान उस समय असहज स्थिति निर्मित हो गई, जब गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने मंच से ही जिला प्रशासन और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणियां कीं। विधायक ने गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के मुद्दे पर कलेक्टर की ओर इशारा करते हुए गुनिया नदी का जिक्र किया और यहां तक कह दिया कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, फिर कभी नहीं होगा। आप जैसे ऐसे ही नकारा अफर आते जाएंगे और चले जाएंगे।

कार्यक्रम में संबोधन दे रहे विधायक शाक्य ने जिला प्रशासन द्वारा गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के लिए उठाए जा रहे कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि यह काम इतना आसान नहीं है। उन्होंने कलेक्टर को सचेत किया कि इस मुहिम के दौरान दिल्ली और भोपाल से कई रसूखदारों के फोन आएंगे जो काम रुकवाने का दबाव बनाएंगे। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अगर आप किसी भी सिफारिशी संदेश के आने से पहले कार्रवाई कर देंगे तभी गुनिया मुक्त हो पाएगी। अगर आप ऐसा करते हैं, तो मैं हर कदम पर आपके साथ खड़ा हूँ, लेकिन कागजों में काम करने से कुछ नहीं होगा। संबोधन के दौरान विधायक ने मानस भवन का निर्माण कराने वाले पूर्व कलेक्टर रमाकांत मिश्र को याद किया। उन्होंने वर्तमान कलेक्टर की ओर मुखातिब होते हुए कहा, वह भी जिलाधीश थे और आप भी जिलाधीश हैं। उनके काम को लोग आज भी याद करते हैं। अगर आप आज कार्रवाई नहीं कर पाए, तो भविष्य में कुछ नहीं होगा। आप जैसे कई नकारा अफसर आएंगे और चले जाएंगे। हालिया एलपीजी संकट और अन्य परेशानियों पर शोर मचाने वालों को टोकते हुए विधायक ने कहा कि संकट के समय सहनशीलता रखनी चाहिए। उन्होंने कोरोना काल का उदाहरण देते हुए कहा कि जब परिस्थितियां नियंत्रण से बाहर होती हैं, तभी लोग सुधरने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर से यहाँ तक कह दिया कि अगर ऐसी परिस्थिति आए, तो थोड़ा डंडा घुमा दिया करें। इस विशेष कार्यक्रम में विधायक और कलेक्टर के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विधायक के इन तीखे तेवरों के बाद प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

सिंधिया के मंच पर कहा था-बेरोजगारी बढ़ रही है अग्निवीर बन जाओ

गुना विधायक पन्नालाल आए दिन विवादित बयानों की वजह से चर्चाओं में रहते हैं। हाल ही में तीन दिवसीय दौरे पर आए गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया लक्ष्मीगंज में एक सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। प्रोटोकोल के मुताबिक विधायक पन्नालाल शाक्य को भी बुलाया गया था। तब विधायक ने कुछ ऐसा बोल दिया कि सिंधिया भी उन्हें देखते रह गए थे। विधायक ने कहा था कि बेरोजगार बढ़ रही है, अग्निवीर में भर्ती हो जाओ। ऐसा कई बार हुआ जब गुना विधायक पन्नालाल शाक्य किसी बात को लेकर उदाहरण देते-देते कुछ ऐसे बयानबाजी कर देते हैं कि पार्टी ही नहीं बल्कि प्रशासन भी असहज महसूस करने लगता है। विधायक पन्नालाल शाक्य के ताजा बयान को लेकर फिलहाल गुना कलेक्टर ने किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी है। लेकिन स्थिति असहज करने वाली जरूर बन गई थी। कार्यक्रम में विधायक का संबोधन खत्म होते ही आयोजकों ने आभार ज्ञापित कर दिया और सब अपने-अपने रास्ते चले गए।

बीजिया मसालों पर संगोष्ठी, निर्यात और बेहतर विपणन के लिए किसानों को मिला गुरुमंत्र

गुना। स्पाइसेस बोर्ड (भारत सरकार) के क्षेत्रीय कार्यालय गुना द्वारा स्थानीय प्ले होटल में बीजिया मसालों पर राष्ट्रीय स्तरीय संगोष्ठी एवं विपणन संपर्क कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 25 एफपीओ प्रतिनिधियों, बड़ी संख्या में किसानों और प्रमुख निर्यातकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के बजाय बाजार की मांग के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मसाला फसलों में निर्यात की अपार संभावनाएं हैं, जिनका लाभ किसान संगठित होकर और एफपीओ के माध्यम से उठा सकते हैं। संगोष्ठी में स्पाइसेस बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. भारत गुडदे ने बीजिया मसालों के अंतरराष्ट्रीय मानकों, प्रमाणीकरण और निर्यात की जटिल प्रक्रियाओं को सरल भाषा में समझाया। कृषि विज्ञान केंद्र आरोन के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र ने उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। वहीं, उद्यानिकी विभाग के डीडीएच के.पी. किरार ने धनिया उत्पादन, बीज चयन और जैविक खेती की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की। आशिष जायसवाल ने किसानों को बिचौलियों से बचकर सीधे बाजार और निर्यातकों से जुड़ने के तरीके बताए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैल्यू एडिशन और बेहतर ग्रेडिंग के जरिए किसान अपने उत्पाद का अच्छा दाम प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में पहुंचे प्रमुख निर्यातक पी.सी. के. महेश्वरनन ने अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि भारतीय धनिया की विदेशों में भारी मांग है, बशर्ते वह अवशेष मुक्त और उच्च मानकों वाला हो।

कूनो नदी के उद्गम स्थल से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' शुरू

गुना। जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आज कूनो नदी के उद्गम स्थल ग्राम कंजा (ग्राम पंचायत पुरैनी, जनपद पंचायत गुना) से जल गंगा जल संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संतोष धाकड़, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे और जनपद सीईओ पुष्पेंद्र व्यास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर कन्याल ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अभियान आगामी 30 जून 2026 तक निरंतर संचालित होगा, जिसके माध्यम से तालाबों, नदियों, कुओं, बावड़ियों सहित अन्य पारंपरिक जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई, गहरीकरण और मरम्मत के कार्य सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके और भू-जल स्तर में सुधार आए। कलेक्टर कन्याल ने जोर देकर कहा कि यह अभियान केवल शासन का नहीं बल्कि जन-जन का अभियान है, जिसमें आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता नितांत आवश्यक है।

प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने शिवपुरी स्वास्थ्य शिविर में जांचीं व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

गुना। केंद्रीय मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने गुरुवार को शिवपुरी में आयोजित विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने न केवल चिकित्सा व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया, बल्कि मानवता की मिसाल पेश करते हुए मरीजों का ढांढस भी बंधाया।

शिविर के दौरान प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने एचपीवी वैक्सीन सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र की बेटियों और महिलाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर यह टीका लगवाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए यह टीकाकरण एक क्रांतिकारी कदम है, जो महिलाओं के सुरक्षित भविष्य की नींव रखेगा। निरीक्षण के दौरान एक भावुक क्षण तब आया जब सिंधिया एक बुजुर्ग मरीज से मिलीं, जो पिछले चार वर्षों से जोड़ों के दर्द से अत्यंत पीड़ित थे। बुजुर्ग को व्यथित देख उन्होंने स्वयं उनका हाथ थामा और सांत्वना देते हुए कहा मुझे पता है कि आप दर्द से गुजर रहे हैं, लेकिन आज रोने का नहीं बल्कि मुस्कुराने का दिन है। दिल्ली और भोपाल के विशेषज्ञ डॉक्टर यहाँ आपकी सेवा में हैं। यदि सर्जरी की भी आवश्यकता हुई, तो वह भी कराई जाएगी। आप जल्द स्वस्थ होंगे। उन्होंने तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि बुजुर्ग को प्राथमिकता के आधार पर उचित उपचार और सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने शिविर के ब्लॉक अ से उ तक का विस्तृत भ्रमण किया। उन्होंने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 4 मोबाइल मेडिकल बसों और नेत्र परीक्षण बस का अवलोकन किया। चिकित्सकों से चर्चा कर उन्होंने उपलब्ध आधुनिक मशीनों और ऑपरेशन थिएटर की कार्यप्रणाली को समझा और सुचारू संचालन के निर्देश दिए। शिविर में मौजूद नर्सिंग एवं चिकित्सा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उन्होंने उन्हें सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे शिक्षा और कौशल के माध्यम से क्षेत्र का नाम रोशन करें और स्वास्थ्य सेवाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

नवसंवत्सर पर निकली शोभायात्रा, भारत माता की आरती का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

गुना। भारत विकास परिषद शाखा गुना के तत्वावधान में नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में बुधवार, 18 मार्च 2026 को शहर में भव्य शोभायात्रा एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्रात: 10:30 बजे नवीन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर से हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, स्टाफ एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर विन्ध्याचल कॉलोनी एवं महावीर पुरा मार्ग से होते हुए पुन: विद्यालय पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने नवसंवत्सर के महत्व, भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आकर्षक नारों और उद्घोषों के माध्यम से जनसामान्य को प्रेरित किया। पूरे मार्ग में वातावरण भक्तिमय एवं देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा। रैली के उपरांत विद्यालय परिसर में दोपहर 12 बजे भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर परिषद के सम्माननीय सदस्य आनंद कृष्णानी, भरत पालीवाल, नीरज अग्रवाल एवं दिनेश शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नवसंवत्सर के महत्व को स्थापित करना एवं भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना रहा। आयोजकों ने शहरवासियों से सपरिवार ऐसे आयोजनों में भाग लेने एवं सनातन परंपराओं को सुदृढ़ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों एवं स्टाफ का उत्साह देखते ही बन रहा था, जिन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

शहबाजपुर में लाखों रुपए के राशन की हेराफेरी, एफआईआर दर्ज

163 किलो गेहूं, 38 क्विंटल चावल मिले थे गायब

गुना। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने और राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के कड़े निर्देशों के बाद तहसील आरोन की शासकीय उचित मूल्य दुकान शहबाजपुर के विक्रेता चंद्रभान यादव के विरुद्ध थाना आरोन में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, आरोन द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में विक्रेता चंद्रभान सिंह द्वारा राशन के अपयोजन (डायवर्सन) की गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच के दौरान दुकान को आवंटित मात्रा में से 163.67 क्विंटल गेहूं, 38.22 क्विंटल चावल, 71 किलो नमक और 88 किलो शक्कर कम पाई गई। विक्रेता द्वारा इस सरकारी राशन का अपयोजन कर उसकी कालाबाजारी की गई। अपयोजित की गई इस सामग्री की कुल इकोनॉमिक कॉस्ट 6,47,956 रुपये आंकी गई है। अनियमितताएं सामने आने के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरोन द्वारा संबंधित विक्रेता को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। विक्रेता द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं होने और प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया। इसके फलस्वरूप 18 मार्च को पुलिस थाना आरोन में आरोपी विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि गरीबों के राशन में हेराफेरी करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी लगातार जारी रहेगी।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार Home First Finance Company India Ltd. गुना द्वारा, हरगोविन्द ओझा के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज जो विक्रेता संजू ओझा पुत्र श्री रामरतन ओझा द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 62 नया 05, सर्वे नं 200/1/3/मिन-19, भूखण्ड क्र. 106 में से 300 वर्गफुट एवं भूखण्ड क्र. 107 में से 300 वर्गफुट कुल क्षैत्रफल 600 वर्गफुट ग्राम सकतपुर (महालक्ष्मीनगर) तहसील व जिला गुना का विक्रय किया था, जो क्रेता श्रीमति टीना ओझा पत्नि श्री मोहन सिंह ओझा द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता. क्र. MP13342020A1848732 दिनांक 16.12.2020 है, एवं दूसरा दस्तावेज जो विक्रेता आशीष जैन पुत्र श्री विनोद कुमार जैन द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 62, सर्वे नं 200/1/3/मिन-4, भूखण्ड क्र. 106 में से 300 वर्गफुट एवं भू खण्ड क्र. 107 में से 300 वर्गफुट कुल क्षैत्रफल 600 वर्गफुट ग्राम सकतपुर (महालक्ष्मीनगर) तहसील व जिला गुना का विक्रय किया था, जो क्रेता संजू ओझा पुत्र श्री रामरतन ओझा द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता.क्र. MP13342016A1422645 दिनांक 14/07/2016 है, उक्त दोनो मूल दस्तावेज (रजिस्ट्री) कहीं गुम हो गये हैं।

यदि किसी व्यक्ति को मिले हो तो कृपया मुझे प्रदान करें अथवा मुझसे संपर्क करें।

उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेंदार होगा।

यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना

In The Court Of IV District and Additional Session Judge, Biaora, District Rajgarh M.P.

Presiding Officer
श्री अमजद अली
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS HM0000080/2025)
पंकज शिवहरे ..... वादी Vs ज्योति शिवहरे .....प्रतिवादी
Process Id- /2026
पेशी दिनांक 27/04/2026

प्रेषिती- (1) ज्योति शिवहरे पत्नी पंकज शिवहरे पुत्री सुरेश शिवहरे पता- निवासी वार्ड नं 04 सुठालिया जिला राजगढ़ हाल मुकाम पैची तहसील चांचौडा जिला गुना

यह कि प्रार्थी पंकज शिवहारे ने आपके विरूद्ध उपस्थिति हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

यह आज तारीख 17 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

न्यायाधीश
अमजद अली चतुर्थ जिला न्यायाधीश ब्यावरा जिला राजगढ़
कृपया ध्यान दें - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

नवसंवत्सर महाराष्ट्र समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, विजयवर्गीय समाज ने तिलक लगाकर किया अभिनंदन

गुना में सनातनी नववर्ष की धूम, सूर्य को अर्घ्य देकर किया स्वागत

गुना। चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा और विक्रम संवत 2083 के शुभागमन पर गुरुवार को गुना शहर पूरी तरह भक्ति और उत्साह के रंग में डूबा नजर आया। शहर के विभिन्न समाजों द्वारा सनातनी नववर्ष नव संवत्सर को पारंपरिक भव्यता और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर में नव संवत्सर का स्वागत हनुमान टेकरी मंदिर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर किया।

नववर्ष के पावन अवसर पर महाराष्ट्र समाज गुना द्वारा शास्त्री पार्क में विशेष आयोजन किया गया। समाजजनों ने एकत्रित होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और गुड़ी पड़वा की परंपराओं का निर्वहन किया। इसके पश्चात शास्त्री पार्क से नयापुरा स्थित श्री गोपाल मंदिर तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मधुर भजनों की गूँज और उत्साह के बीच निकली इस यात्रा में समाज के महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित हुए, जिससे पूरा मार्ग उत्सवमय हो गया। वहीं दूसरी ओर, जय स्तंभ चौराहा स्थित होटल पवन श्री के सामने विजयवर्गीय समाज गुना द्वारा भव्यता के साथ नव संवत्सर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ डॉ. अनिल विजयवर्गीय, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ऊषा विजयवर्गीय, श्रीमती उमा जी, अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष प्रणय विजयवर्गीय एवं कोषाध्यक्ष संजय विजयवर्गीय द्वारा आराध्य स्वामी श्री रामचरण जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन के साथ किया गया। समाज के पदाधिकारियों और युवाओं ने राहगीरों का चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन किया और उन्हें गुड़, मिश्री व नीम की कोपलें खिलाकर नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि नव संवत्सर केवल कैलेंडर बदलने का दिन नहीं, बल्कि हमारी प्रकृति के पुनर्जागरण और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। हमें अपनी भावी पीढ़ी को इन संस्कारों से जोड़े रखना चाहिए।

जिलेभर में हिंदू नववर्ष 'नव संवत्सर' और चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का उत्साह चरम पर देखा गया। सुबह से ही मंदिरों में शंखध्वनि और मंत्रोच्चार के साथ माता रानी का स्वागत किया गया। जिले के प्रमुख शक्तिपीठों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहाँ भक्तों ने नववर्ष की मंगलकामना के साथ शक्ति की आराधना की।

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल बजरंगगढ़ स्थित मां बीस भुजा देवी मंदिर में आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ अलसुबह से ही माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। जय माता दी के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। दूर-दराज से आए भक्तों ने माता के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की अर्जी लगाई। मंदिर के पुजारी ने इस सिद्धपीठ की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंदिर अत्यंत प्राचीन और चमत्कारी है। मान्यताओं के अनुसार यह मंदिर लगभग 5 हजार 500 वर्ष प्राचीन माना जाता है। पौराणिक साक्ष्यों के अनुसार, महाभारत काल में दानवीर कर्ण ने इसी स्थान पर कठिन तपस्या की थी। यहाँ माता की बीस भुजाओं वाली प्रतिमा अत्यंत दुर्लभ है, जहाँ साल भर भक्तों का तांता लगा रहता है, लेकिन चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में यहाँ विशेष अनुष्ठान और भीड़ उमड़ती है। बजरंगगढ़ के अलावा शहर के अन्य माता मंदिरों में भी विशेष साज-सज्जा की गई। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में घट स्थापना कर नौ दिनों के उपवास का संकल्प लिया। प्रशासनिक स्तर पर भी प्रमुख मंदिरों में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और पेयजल के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

उत्साह में सम्मिलित रहे गणमान्य नागरिक

इन आयोजनों में करुणेश विजयवर्गीय, राजीव विजयवर्गीय, धर्मेश विजयवर्गीय, गोपाल सक्सेना, नारायण प्रसाद सोनी, मयंक विजयवर्गीय, गर्वित विजयवर्गीय, यश विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में समाजजन और युवा साथी उपस्थित रहे। शहर के विभिन्न हिस्सों में हुए इन आयोजनों ने आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का अनुपम उदाहरण पेश किया।